**संत परमानंद अस्पताल परिसर के उद्घाटन के अवसर पर माननीय अध्यक्ष का सम्बोधन**

**--------**

- संत परमानंद अस्पताल के नए परिसर का उद्घाटन करते हुए मुझे बहुत प्रसन्नता हो रही है। इस मानवीय कार्य के लिए अस्पताल के प्रबंधन को मेरा हार्दिक साधुवाद।

- यह हर्ष का विषय है कि इस 102 बिस्तरों वाले अस्पताल को अति-आधुनिक विश्वस्तरीय ऑर्थोपेडिक अस्पताल बनाने की संकल्पना की गई है। मुझे आशा है कि इस अस्पताल से दिल्ली तथा आस पास के क्षेत्रों के लोगों को चिकित्सा सुविधा और अच्छे तरीके से दी जा सकेगी, उन्हें और सुविधाएं मिल सकेंगी।

- **रेवाड़ी के भागवत भक्ति आश्रम के महात्मा संत परमानंदजी महाराज के आशीर्वाद से ही यह संभव हुआ है कि चिकित्सा और देखभाल के क्षेत्र में संत परमानंद अस्पताल ने इतनी ख्याति प्राप्त की है। आज दिल्ली के अंदर आपके अस्पताल का एक नाम है, आपसे लोगों की आशाएं जुड़ गई हैं। आपके लिए यह प्रसन्नता के साथ साथ जिम्मेदारी का भी विषय है।**

- यह अस्पताल 1933 में नेत्रालय के रूप में शुरू किया गया था और अब यहाँ सभी बीमारियों के विशेषज्ञ उपलब्ध हैं और यहाँ ज्वाइंट रिप्लेसमेंट, विश्व-स्तरीय प्रसूति सेवाएँ, आर्थो स्कोपिक सर्जरी, स्पाइन सर्जरी, एडवांस्ड लैप्रो स्कोपी और **M.I.** सर्जरी हेतु उत्कृष्ट केंद्र (सेंटर फॉर एक्सिलेन्स) मौजूद हैं।

- **संत परमानन्द जी का मानना था कि 'दृढ़निश्चय से जिस कार्य को करने का संकल्प लिया जाए और फिर उस दिशा में अथक परिश्रम किया जाए तो निश्चय ही मनुष्य की हरेक इच्छा पूरी हो सकती है'।**

- वास्तव में, संत परमानंद स्पेशल सर्जरी अस्पताल ऐसी ही एक इच्छा की पूर्ति है। इस योजना से जुड़े प्रत्येक व्यक्ति में निहित विश्वास, संकल्प और परिश्रम ने इस इच्छा को पूरा करने में सहयोग दिया है।

- **महाराज जी ने सेवा की जिस भावना को आत्मसात करने की सीख दी थी, यह अस्पताल उसी भावना को आगे बढ़ाता है। मैं इस उपलब्धि के लिए आपमें से प्रत्येक को हार्दिक बधाई देता हूँ।**

- हमारे समाज में ऐसे कई वर्ग हैं, कई व्यक्ति हैं जो आर्थिक कमजोरी की वजह से अपना उत्तम इलाज नहीं करा पाते हैं। ऐसे लोगों की सेवा करने दिशा में किए गए प्रत्येक प्रयास के पीछे *महात्मा संत परमानंद जी*

सदैव ही सबके प्रेरणास्त्रोत रहे हैं। मैं *महाराज जी* को नमन करता हूं जिन्होंने मानवता की सेवा करने की सोच रखी और उस दिशा में कार्य किया।

- ***महाराज जी* ने अहम् भाव को त्यागकर सेवा भाव के मार्ग पर चलने के लिए हमें प्रेरित किया, जो परमब्रह्म की प्राप्ति का सन्मार्ग है। यह कहने की आवश्यकता नहीं कि संत परमानंद अस्पताल भी सबकी सेवा करने हेतु उसी पथ पर अग्रसर है।**

- अपनी स्थापना से अब तक संत परमानंद अस्पताल ने बेहतर स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान करके इस क्षेत्र में उत्कृष्ट मानदंड स्थापित किए हैं। अपने कर्तव्यों के प्रति उनकी निष्ठा और प्रतिबद्धता के कारण आज यह अस्पताल मेडिकल के उत्कृष्ट संस्थानों में से एक बन गया है।

- **"समर्थ वर्ग से शुल्क लेने और वंचित वर्ग का निःशुल्क उपचार करने" की इस अस्पताल की कार्यप्रणाली अनूठी है।**

- **वास्तव में ऐसे व्यक्ति जो भुगतान करने में समर्थ हैं, उन्हें अस्पताल से चिकित्सा सुविधा प्राप्त करने हेतु भुगतान करना चाहिए।**

- **अस्पताल के रखरखाव हेतु अस्पताल की फीस का भुगतान किया जाना आवश्यक है।**

- **मुझे बताया गया है कि यह अस्पताल हर साल जरूरतमंद लोगों को इलाज में लगभग 6-7 करोड़ रुपए तक की नकद छूट देता है।**

- **अस्पताल द्वारा नि:शुल्क नेत्र शिविर, पोलियो टीकाकरण कार्यक्रम, नि:शुल्क ओपीडी और आपातकालीन सेवाओं जैसी धर्मार्थ स्वास्थ्य देखभाल सेवाएं प्रदान की जा रही हैं।**

- **इस अस्पताल द्वारा अंधेपन और पोलियो उन्मूलन की दिशा में किए जा रहे प्रयास प्रशंसनीय हैं।**

- **मुझे विश्वास है कि यह अस्पताल आने वाले समय में अनेक महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल करेगा और अपने संत परमानंद जी द्वारा दिखाए गए रास्ते पर निरंतर चलता रहेगा।**

- **इस स्पेशल सर्जरी अस्पताल के उद्घाटन से गंभीर समस्याओं से जूझ रहे आर्थोपेडिक्स रोगियों को बहुत लाभ होगा। अस्पताल नवीनतम चिकित्सकीय उपकरणों से सुसज्जित है और राष्ट्रीय तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर के योग्य, अनुभवी और समर्पित डॉक्टरों की टीम यहां उपलब्ध है।**

- **मुझे बताया गया है कि अस्पताल ने ज्वाइंट रिप्लेसमेंट के लिए पूरी तरह से स्वचालित रोबोट खरीदा है जो दुनिया का नवीनतम और सबसे उन्नत स्वचालित रोबोट है। इससे निश्चित रूप से सभी रोगियों को लाभ होगा।**

- **व्यक्तिगत रूप से मेरा मानना है कि किसी भी राष्ट्र की प्रगति उसके नागरिकों के समग्र स्वास्थ्य पर निर्भर करती है। इसलिए एक स्वस्थ समाज का निर्माण राष्ट्र के सर्वांगीण विकास के लिए अत्यंत आवश्यक है।**

- **माननीय संसद सदस्यों और लोक सभा सचिवालय के अधिकारियों और कर्मचारियों के अच्छे स्वास्थ्य को सुनिश्चित करने के लिए मैं स्वास्थ्य शिविरों और जागरूकता कार्यक्रमों के नियमित आयोजन को प्रोत्साहित करता हूं।**

- **ये शिविर और कार्यक्रम अन्य बीमारियों के साथ-साथ हेपेटाइटिस, ब्रेस्ट कैंसर, तपेदिक जैसी गंभीर बीमारियों के संबंध में आयोजित किए जाते हैं।**

- **कोविड-19 के रोगियों को राहत देने के उद्देश्य से, मैंने कोटा और नई दिल्ली में चौबीसों घंटे की हेल्पलाइन सेवा के माध्यम एक छोटी सी पहल की है। इस हेल्पलाइन के माध्यम से कोविड-19 के रोगियों को सहायता प्रदान की जाती है, और आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों के लोगों को निःशुल्क दवाएं दी जाती हैं।**

- इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता कि सरकार ने हमेशा स्वास्थ्य क्षेत्र को प्राथमिकता दी है। वर्तमान में, हमारी सरकार स्वास्थ्य क्षेत्र में अधिक से अधिक निवेश कर रही है।

- सरकार का उद्देश्य है कि गरीब से गरीब व्यक्ति को भी स्वस्थ जीवन का अधिकार मिले।

- स्वास्थ्य के प्रति समग्र दृष्टिकोण को सुगम बनाने के लिए सभी प्रयास किए जा रहे हैं। आयुष्मान भारत के माध्यम से हम यूनिवर्सल हेल्थ कवरेज का काम कर रहे हैं।

- **देश में आयुष्मान भारत स्वास्थ्य एवं देखभाल केन्द्रों और प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना, दोनों का एक साथ कार्यान्वयन करने से हम सभी स्तरों पर मेडिकल केयर की प्रणाली बनाने का प्रयास कर रहे हैं।**

- स्वास्थ्य व्यवस्था में खामियों को दूर करने में सूचना प्रौद्योगिकी की क्षमता के अधिकतम उपयोग के साथ आयुष्मान भारत डिजिटल मिशन के रूप में एक रेसिलिएंट, स्थायी, समावेशी और व्यवधान रहित स्वास्थ्य देखभाल तंत्र विकसित किया गया है।

- **इसके अतिरिक्त, *प्रधानमंत्री स्वास्थ्य सुरक्षा योजना* के अंतर्गत, 22 नए एम्स स्वीकृत किए गए हैं। हमारी सरकार पिछड़े क्षेत्रों में स्वास्थ्य संरचना को सुधारने के लिए देश के पिछड़े जिलों में 157 नए मेडिकल कॉलेजों की स्थापना की योजना बना रही है।**

- **इसके अतिरिक्त, प्रत्येक व्यक्ति को रोगी की पृष्ठभूमि, उनके टेस्ट और उनकी रिपोर्टों की ट्रेकिंग की सुविधा से युक्त एक विशिष्ट हेल्थ ID जारी किए जाने से निश्चित रूप से लोगों के लिए स्वास्थ्य देखभाल सुविधाओं में सुधार होगा।**

- **देश में स्वास्थ्य क्षेत्र को और सशक्त करने के लिए इस बजट में स्वास्थ्य क्षेत्र के लिए आवंटन में उल्लेखनीय वृद्धि की गई है।**

- **मुझे विश्वास है कि इन पहलों से हमारी जनता को 'सबका साथ, सबका विकास और सबका प्रयास' अभियान की सच्ची भावना के अनुरूप एकसमान, कुशल, प्रभावी, सस्ती और सुलभ स्वास्थ्य सेवाएँ प्रदान की जा सकेंगी।**

- **मेरा यह भी मानना है कि 'फिट इंडिया और स्वच्छ भारत' जैसे अभियानों से हमारे देश में "स्वास्थ्य ही धन है" जैसा मूलमंत्र पूरी तरह से साकार हो सकेगा।**

- मेरे लिए आज यहाँ इस बात का उल्लेख करना जरूरी है कि संत परमानंद अस्पताल ने देश में महामारी के चरम पर होने के दौरान भयावह स्थिति में भी रोगियों के मन में विश्वास की भावना पैदा करने में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया था।

- श्री महाराज जी ने लोगों को यह उपदेश दिया कि "सभी आपके हैं और आप सभी के हैं"। संत परमानंद अस्पताल जीवन के इस पहलू को पूरी तरह से साकार करता है। मानव जाति की सेवा हेतु आपने जो प्रतिबद्धता दिखाई है, उसके लिए मैं इस अस्पताल से जुड़े सभी स्वास्थ्य कर्मियों को नमन करता हूं।

- लोगों का जीवन बचाने के लिए यहाँ के डॉक्टरों, मेडिकल और पैरा मेडिकल स्टाफ ने अनुकरणीय और असाधारण प्रयास किए हैं।

- मुझे विश्वास है कि यहां के डॉक्टर, नर्स और पैरामेडिकल स्टाफ पूरी लगन और समर्पण के साथ राष्ट्र की सेवा करेंगे और एक स्वस्थ राष्ट्र के निर्माण में अपना योगदान करेंगे।

- आप सभी को संत परमानंद स्पेशल सर्जरी अस्पताल के उद्घाटन पर बधाई एवं शुभकामनाएं।

- मुझे पूर्ण विश्वास है कि समय के साथ यह अस्पताल अपनी अवसंरचना को उन्नत करता रहेगा, अपनी विशेषज्ञता के क्षेत्र में नए-नए कीर्तिमान स्थापित करता रहेगा। साथ ही, समाज के सभी वर्ग के लोगों की सेवा करता रहेगा। इसके सभी भावी प्रयासों के लिए मेरी शुभकामनाएं। धन्यवाद।

------